आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1845 शनिवार 05.09.2026

मुख्य समाचारः—

1— आज शिक्षक दिवस पर राष्ट्रपति ने अड़तालीस शिक्षकों को किया सम्मानित—इनमें छत्तीसगढ़ की शिक्षिका सुनीता यादव और प्रोफेसर राजीव चौधरी भी शामिल।

2— छत्तीसगढ़ के राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने राज्य स्तरीय समारोह में तिरसठ शिक्षक—शिक्षिकाओं को किया सम्मानित।

3— झीरम घाटी नक्सली हमले के मामले में एनआईए की विशेष अदालत ने दस आरोपियों को दोषी करार दिया।

4— छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस रमेश सिन्हा के सेवानिवृत्त होने पर न्यायमूर्ति संजय कुमार अग्रवाल को कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया।

राष्ट्रपति—शिक्षक सम्मान

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के जरिए ही विकसित भारत का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। शिक्षक दिवस के अवसर पर आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार समारोह में राष्ट्रपति ने कहा कि जो समाज अपने शिक्षकों का सम्मान करता है, वह सही मायनों में प्रगतिशील समाज होता है।

हम सब देशवासी विकसित भारत के निर्माण के लक्ष्य की ओर आगे बढ़ रहे हैं। विश्वस्तरीय शिक्षा व्यवस्था के बल पर विकसित भारत का निर्माण संभव है। हमारे शिक्षक, शिक्षा व्यवस्था में प्राण वायु का संचार करते हैं। हमारा यह प्रयास होना चाहिए कि हमारे देश में एक भी विद्यार्थी अच्छी शिक्षा के अवसर से वंचित न हो।

शिक्षक दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार प्रदान किए। सत्ताईस राज्यों, सात केंद्र शासित प्रदेशों और केंद्र सरकार के छह संगठनों से चुने गए अड़तालीस स्कूल शिक्षकों को ये पुरस्कार दिए गए। उन्होंने उच्च शिक्षण संस्थानों और पॉलिटेक्निक के इक्कीस शिक्षकों और संकाय सदस्यों को भी राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर रायपुर स्थित पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रोफेसर डॉक्टर राजीव चौधरी को भी सम्मानित किया गया।

वहीं, सारंगढ़—बिलाईगढ़ जिले के शासकीय प्राथमिक शाला खिचरी में पदस्थ शिक्षिका सुनीता यादव को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार प्रदान किया गया।

प्रधानमंत्री शिक्षक—संवाद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शिक्षकों से पाठ्यपुस्तकों से आगे बढ़कर विद्यार्थियों के जीवन को बेहतर बनाने और उनके बचपन को सुरक्षित रखने में बड़ी भूमिका निभाने का आह्वान किया है। प्रधानमंत्री ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित होने वाले शिक्षकों के साथ बातचीत की। सोशल मीडिया पोस्ट में मुलाकात की झलकियां साझा करते हुए श्री मोदी ने कहा कि शिक्षकों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हर विद्यार्थी के भीतर उसका बचपन जीवंत रहे। इसके लिए शिक्षकों को भी अपने भीतर के बच्चे को जीवित रखना चाहिए।

प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति का उल्लेख करते हुए बच्चों को कक्षा से बाहर ले जाने और उन्हें वास्तविक जीवन के कौशल तथा विभिन्न कार्यों से जोड़ने के महत्व पर जोर दियझं

छत्तीसगढ़–शिक्षक सम्मान

वहीं, शिक्षक दिवस के अवसर पर आज रायपुर स्थित लोकभवन के छत्तीसगढ़ मंडपम् में राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले तिरसठ शिक्षक–शिक्षिकाओं को सम्मानित किया। जबकि चार शिक्षकों को राज्य शिक्षक सम्मान स्मृति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। खैरागढ़–छुईखदान–गंडई जिले के राजेश कुमार प्रजापति को डॉक्टर पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी स्मृति पुरस्कार, कोरबा जिले के कामता प्रसाद जायसवाल को डॉक्टर बलदेव प्रसाद मिश्र स्मृति पुरस्कार, दुर्ग जिले की प्रज्ञा सिंह को डॉक्टर मुकुटधर पाण्डेय स्मृति पुरस्कार तथा सारंगढ़–बिलाईगढ़ जिले की प्रियंका गोस्वामी को श्री गजानन माधव मुक्तिबोध स्मृति पुरस्कार प्रदान किया गया।

समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल रमेन डेका ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के दौर में शिक्षकों और विद्यार्थियों का नई तकनीकों से परिचित होना जरूरी है, लेकिन तकनीक का उपयोग विवेकपूर्ण और मानवीय मूल्यों के अनुरूप होना चाहिए। उन्होंने शिक्षकों से विद्यार्थियों में स्वतंत्र चिंतन के साथ ही संस्कार और संवेदना विकसित करने का आह्वान किया।

वहीं, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र और नई पीढ़ी के निर्माता हैं। सरकार शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और प्रत्येक बच्चे को बेहतर शैक्षणिक अवसर उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में तीन सौ इकतालीस विद्यालयों का चयन पीएम श्री योजना के तहत किया गया है, जबकि स्वामी विवेकानंद के नाम पर एक सौ पचास विद्यालय प्रारंभ किए जा रहे हैं। बस्तर के दूरस्थ क्षेत्रों में बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के लिए ओरछा और जगरगुंडा में एजुकेशन सिटी विकसित की जा रही हैं।

इस अवसर पर स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने वर्ष दो हजार छब्बीस–सत्ताईस के राज्य शिक्षक सम्मान के लिए चयनित चौंसठ शिक्षकों के नामों की घोषणा भी की।

झीरम घाटी–फैसला

झीरम घाटी नक्सली हमले के मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी–एनआईए की जगदलपुर स्थित विशेष अदालत ने दस आरोपियों को सभी धाराओं में दोषी करार दिया है। इस मामले में कुल ग्यारह आरोपियों के खिलाफ सुनवाई हुई थी, जिनमें से एक की सुनवाई के दौरान मृत्यु हो चुकी है। अदालत ने इन सभी दस आरोपियों को सत्ताईस लोगों की हत्या और पन्द्रह लोगों की हत्या के प्रयास के मामले में दोषी पाया है। आरोपियों की सजा पर फैसला सोलह सितंबर को सुनाया जाएगा।

गौरतलब है कि पच्चीस मई दो हजार तेरह को कांग्रेस की परिवर्तन यात्रा के दौरान झीरम घाटी में नक्सलियों ने कांग्रेस नेताओं के काफिले पर हमला किया था। इस हमले में वरिष्ठ कांग्रेस नेता विद्याचरण शुक्ल, तत्कालीन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नंदकुमार पटेल, उनके पुत्र दिनेश पटेल, पूर्व मंत्री महेंद्र कर्मा और कांग्रेस नेता उदय मुदलियार सहित बत्तीस लोगों की मौत हो गई थी। करीब डेढ़ घंटे तक चली गोलीबारी में बहुत से लोग घायल भी हुए थे। इस मामले की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी–एनआईए द्वारा की जा रही थी।

हाईकोर्ट–कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस रमेश सिन्हा के चार सितंबर को सेवानिवृत्त होने के बाद जस्टिस संजय कुमार अग्रवाल को हाईकोर्ट का कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। भारत सरकार के विधि और न्याय मंत्रालय के न्याय विभाग ने चार सितंबर को इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है।

पीएससी–स्पष्टीकरण

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ने राज्य सेवा मुख्य परीक्षा–दो हजार पच्चीस के परिणाम को लेकर स्थिति स्पष्ट की है। आयोग के अनुसार, साक्षात्कार के लिए निर्धारित सात सौ पंचानवे के बजाय छह सौ आठ अभ्यर्थियों को चिन्हांकित किया गया है। आयोग ने कहा कि यह किसी त्रुटि के कारण नहीं, बल्कि कुछ अभ्यर्थियों के निर्धारित न्यूनतम अर्हकारी अंक प्राप्त नहीं कर पाने के कारण हुआ है। अनारक्षित वर्ग के लिए प्रत्येक प्रश्न–पत्र में तैंतीस और आरक्षित वर्ग के लिए तेईस प्रतिशत अंक अनिवार्य हैं। आयोग ने स्पष्ट किया है कि पुनर्मूल्यांकन और पुनर्गणना का प्रावधान नहीं है। आयोग ने अभ्यर्थियों से सोशल मीडिया पर प्रसारित भ्रामक जानकारियों से बचने की अपील की है।

लोकरंग पर्व

छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक परंपराओं, लोकगाथाओं और पारंपरिक सांस्कृतिक विरासत को मंच देने के उद्देश्य से संस्कृति विभाग द्वारा तीन दिवसीय 'लोकरंग पर्व' का आयोजन किया जाएगा। यह सांस्कृतिक आयोजन छह, सात और आठ सितंबर को रायपुर के महंत घासीदास संग्रहालय परिसर के मुक्ताकाशी मंच में आयोजित होगा। यह कार्यक्रम हर रोज शाम सात बजे से शुरू होगा।

इस आयोजन में भरथरी, पंडवानी, लोरिकचंदा, नाचा और गम्मत की प्रस्तुतियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगी। इनके साथ सुआ, करमा और पंथी जैसे पारंपरिक लोकनृत्यों की प्रस्तुतियां भी होंगी। वहीं, बांसगीत, देवारगीत, ददरिया, और जसगीत के जरिए प्रदेश की लोक गायन की झलक देखने को मिलेगी।

गांजा–बरामद

सारंगढ़–बिलाईगढ़ जिले में ओडिशा सीमा के पास पुलिस ने तलाशी अभियान के दौरान करीब सवा करोड़ रूपए से अधिक मूल्य का गांजा बरामद किया है। अलग–अलग मामलों में पुलिस ने एक स्थानीय आरोपी सहित ग्यारह गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गांजा परिवहन के लिए इस्तेमाल की जानी वाली कार के अलावा मोबइल फोन और अन्य सामान जब्त किए हैं।

जिले की चिट्ठी

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी रायपुर द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम "जिले की चिट्ठी" का प्रसारण कल शाम छह बजकर पांच मिनट से छह बजकर दस मिनट तक किया जाएगा। इस कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र रिले करेंगे। इस बार के अंक में ''रायगढ़'' जिले की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

मौसम

मौसम विभाग के अनुसार दक्षिण गुजरात से उत्तर बांग्लादेश तक एक द्रोणिका बनी हुई है, जो उत्तर पश्चिम मध्यप्रदेश, उत्तर छत्तीसगढ़, झारखंड और पश्चिम बंगाल से होकर गुजर रही है। इसके प्रभाव से अगले चौबीस घंटे में उत्तर छत्तीसगढ़ के कुछ स्थानों में हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। वहीं, एक–दो स्थानों पर गरज–चमक के साथ वज्रपात होने की चेतावनी दी गई ळें

संक्षिप्त समाचार

– स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने मनेन्द्रगढ़–चिरमिरी–भरतपुर जिले के दूरस्थ क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के उद्देश्य से ‘सक्षम एमसीबी सेवा संकल्प अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सत्रह सितंबर से सत्रह अक्टूबर तक जिले में स्वास्थ्य शिविर और जांच अभियान चलाया जाएगा।

– भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने द्वारा स्वच्छ और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के लिए कांकेर जिला अस्पताल की कैंटीन को ‘ईट राइट कैंपस’ के रूप में उत्कृष्ट होने का प्रमाण–पत्र प्रदान किया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>